निदेशक ने कहा, सिंगल विंडो सिस्टम से होगा जल्द समाधान

आईआईटी बीएचयू तकनीकी समस्या का समाधान करेगा

तलाश

वाराणसी | निज संवाददाता

कार्यशाला

- बीएचयू में कार्यशाला के दूसरे दिन उद्यमियों के साथ की गई चर्चा
- समस्या बताएंगे उद्यमी और उसकी काट खोजेगा आईआईटी

तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए आईआईटी बीएचयू सिंगल विंडो सिस्टम शुरू करेगा। जहां उद्योग-धंधों के साथ शिक्षण और समाज से जुड़ी तकनीकी समस्याओं का समाधान होगा। संस्थान अपने संसाधनों के बल पर उद्योगों के कच्चे माल, उत्पाद व प्रदूषण प्रबंधन की समस्याओं के समाधान का भी प्रयास करेगा।

आईआईटी बीएचयू में शनिवार को संस्थान-उद्यम-समाज विषयक तीन दिवसीय कार्याशाला के दूसरे दिन संस्थान के निदेशक प्रो. पीके जैन ने कहा कि बनारस से जुड़ी तकनीकी समस्या हो अथवा उद्योग-धंधे से जुड़ी दिक्कत सबके समाधान का प्रयास सिंगल विंडों सिस्टम से किया जाएगा। उद्यमी यहां अपनी समस्या बतायें। संबंधित क्षेत्र के तकनीकी विशेषज्ञ उसका हल बतायेंगे। आईआईटी के विशेषज्ञ एक छत के नीचे सभी प्रकार की समस्याओं के निवारण का प्रयास करेंगे।

कार्यशाला के संयोजक प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए यह जरूरी है कि लोग अपनी समस्याओं को साझा करें। ताकि विशेषज्ञों की टीम मिलकर उसका निराकरण कर सके। संयुक्त निदेशक उद्योग उमेश सिंह ने उद्यमों के विकास में सरकारी प्रयासो से अवगत कराया। उत्तर प्रदेश उद्योग संगठन के आरके चैधरी ने तकनीकी समस्याओं को बताया।

उद्यमियों की ओर से किये गये प्रयासो की भी जानकारी दी। अब्दुल हादी ने कालीन उद्योग में पर्यावरण प्रबन्धन के क्षेत्र में आनेवाली समस्याओ में आईआईटी बीएचयू से सहयोग मांगा। उद्यमियों ने व्यापार में आनेवाली चुनौतियों को लिखित रूप से भी दर्ज कराया। परिचर्चा में पालिमर उद्योग, कागज उद्योग, रसायन उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि संयत्र की समस्याओं पर चर्चा हुई। इसमें समस्त औद्योगिक इकाइयो के प्रतिनिधियों ने समस्याओं का ब्योरा दिया। कार्यशाला में वाराणसी के अलावा चंदौली, मिर्जापुर एवं भदोही के उद्यमियों ने भाग लिया।

हिन्दुस्तान– 02.09.2018